**आकाशवाणी शिमला**

**25.05.2026 / प्रादेशिक समाचार / 19:45बजे**

## मुख्य समाचार

- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा– प्रदेश के सरकारी स्कूलों को बनाया जाएगा देशभर में सर्वश्रेष्ठ– सी.बी.एस.ई. पाठ्यक्रम के तहत विद्यार्थियों को मिलेगा अधिक विषयों का विकल्प।
- पंचायतीराज संस्थाओं के पहले चरण के चुनाव में कल एक हज़ार 2 सौ 93 पंचायतों में डाले जाएंगे वोट।
- मुख्यमंत्री ने प्रदेश के सभी लोगों से जनगणना कार्य में बढ़चढ़ कर भाग लेने का किया आग्रह– 16 जून से शुरू होगा जनगणना का पहला चरण।
- प्रदेश भाजपा ने राज्य सरकार पर आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन का लगाया आरोप– राज्यपाल से की हस्तक्षेप की मांग।
- डीडी न्यूज़ की महानिदेशक ममता वर्मा ने दूरदर्शन केंद्र शिमला में नए पॉडकास्ट स्टूडियो ''म्हारा हिमाचल'' का किया शुभारंभ।

## मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश के सरकारी स्कूलों को देशभर में सर्वश्रेष्ठ बनाया जाएगा और इसके लिए राज्य सरकार ने शिक्षा व्यवस्था में व्यापक स्तर पर बदलाव किए हैं। उन्होंने आज हाल ही में स्तरोन्नत किए गए सी.बी.एस.ई. राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल छोटा शिमला में विद्यार्थियों के साथ संवाद किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने मुख्यमंत्री से सी.बी.एस.ई. प्रणाली को लेकर भी सवाल पूछे। मुख्यमंत्री ने कहा कि छोटा शिमला स्कूल में इस वर्ष 30 जून से पहले अध्यापकों के सभी खाली पद भर दिए जाएंगे और सी.बी.एस.ई. पाठ्यक्रम के तहत विद्यार्थियों को अब अधिक विषयों का विकल्प मिलेगा। सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने विद्यार्थियों से 5 जून को शिमला में होने वाली एंटी चिट्टा रैली में भाग लेने का आह्वान किया।

## पंचायत चुनाव

प्रदेश में पंचायतीराज संस्थाओं के पहले चरण के चुनाव के तहत कल एक हजार 2 सौ 93 पंचायतों में वोट डाले जाएंगे। मतदान सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक होगा। पंचायत प्रधान, उप–प्रधान और वार्ड सदस्यों के लिए डाले गए वोटों की गिनती मतदान के तुरंत बाद शुरू होगी और कल शाम तक इनके नतीजे घोषित कर दिए जाएंगे। इसके अलावा ज़िला परिषद और पंचायत समिति सदस्यों के लिए डाले गए वोटों की गिनती 31 मई को की जाएगी। राज्य निर्वाचन आयोग के निर्वाचन अधिकारी संजीव महाजन ने आज शिमला में बताया कि 8 हज़ार एक सौ 98 अधिकारियों व कर्मचारियों को चुनाव डियूटी पर तैनात किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कुल 21 हज़ार 6 सौ 78 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। पंचायतीराज संस्थाओं के लिए दूसरे चरण में 28 मई, जबकि तीसरे चरण में 30 मई को वोट डाले जाएंगे।

## कांगड़ा डीसी

प्रदेश के सबसे बड़े ज़िले कांगड़ा में भी पंचायत चुनावों को लेकर लोगों में खासा उत्साह है। पहले चरण में ज़िले में 2 सौ 87 पंचायतों में मतदान होगा। दुर्गम क्षेत्र बड़ा भंगाल पंचायत में मतदान के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं। ज़िला निर्वाचन अधिकारी हेमराज बैरवा ने आज धर्मशाला में बताया कि बड़ा भंगाल पंचायत में डाले गए वोटों की गिनती 31 मई को की जाएगी।

## सोलन चुनाव

सोलन ज़िले में पहले चरण के तहत कल 87 पंचायतों में मतदान होगा। ज़िला निर्वाचन अधिकारी मनमोहन शर्मा ने बताया कि ज़िले में कुल 3 लाख 52 हज़ार 9 सौ एक मतदाता पंजीकृत हैं। उन्होंने बताया कि संवेदनशील व अति संवेदनशील मतदान केंद्रों पर सी.सी.टी.वी से निगरानी की जाएगी और इन्हें वैबकास्टिंग से जोड़ा गया है।

## जनगणना

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने प्रदेश के सभी लोगों से जनगणना कार्य में बढ़चढ़ कर भाग लेने का आग्रह किया है। जनगणना निदेशालय की निदेशक दीपशिखा शर्मा ने आज शिमला में मुख्यमंत्री से भेंट की और उन्हें जनगणना 2027 के विभिन्न पहलुओं से अवगत करवाया। उन्होंने बताया कि प्रदेश में जनगणना का पहला चरण 16 जून से 15 जुलाई के बीच करवाया जाएगा। लोगों को इस बार स्व–गणना का विकल्प भी दिया गया है और पहली से 15 जून तक स्व–गणना पोर्टल पर जानकारी दर्ज करवाई जा सकती है।

## भाजपा–राज्यपाल

प्रदेश भाजपा ने राज्य सरकार पर आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन का आरोप लगाया है। पार्टी के एक प्रतिनिधिमंडल ने आज शिमला स्थित लोक भवन में राज्यपाल कविंद्र गुप्ता से भेंट की और उन्हें इस बारे में एक ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल में नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल सहित अन्य वरिष्ठ नेता भी शामिल रहे। जयराम ठाकुर ने आरोप लगाया कि राज्य सरकार ने चुनाव आचार संहिता के बीच मंत्रिमंडल की बैठक बुलाई और कई ऐसे फैसले लिए, जिनका असर पंचायतीराज संस्थाओं के चुनावों पर पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि नगर निगमों व नगर पंचायतों में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के चुनावों को प्रभावित करने के लिए नियमों में बदलाव लोकतंत्र की मूल भावना के खिलाफ है। भाजपा ने इन सभी मुद्दों पर राज्यपाल से हस्तक्षेप की मांग की है।

## पॉडकास्ट स्टूडियो

दूरदर्शन समाचार नई दिल्ली की महानिदेशक ममता वर्मा ने आज दूरदर्शन केंद्र शिमला में ''म्हारा हिमाचल'' नाम से नए पॉडकास्ट स्टूडियो का शुभारंभ किया। डीडी न्यूज़ हिमाचल ने संचार व संवाद की दिशा में एक नवाचार किया है। म्हारा हिमाचल की टैगलाइन ''अपने लोग अपने किस्से'' रखी गई है। ममता वर्मा ने इस नवाचार की सराहना करते हुए कहा कि इससे दर्शक समाज के कई जाने–अनजाने लोगों की उपलब्धियों के बारे में जान सकेंगे। इस मौके पर दूरदर्शन व आकाशवाणी के कलस्टर प्रमुख व उप–महानिदेशक कश्मीर सिंह, दूरदर्शन केंद्र शिमला की समाचार प्रमुख नंदिनी मित्तल, आकाशवाणी शिमला के समाचार प्रमुख रितेश कपूर, आकाशवाणी के कार्यक्रम प्रमुख अनिल वर्मा और दूरदर्शन के कार्यक्रम प्रमुख विकास कुमार सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी भी मौजूद रहे।

## शिक्षा बोर्ड–एआई

प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने छठी से बारहवीं कक्षा तक के पाठ्यक्रम में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को शामिल करने की कवायद तेज़ कर दी है। बोर्ड के सचिव विशाल शर्मा ने धर्मशाला में बताया कि स्कूली विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीक व डिजिटल शिक्षा से जोड़ने की दिशा में प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में ए.आई. शिक्षा की आवश्यकता बढ़ने वाली है और इसी उद्देश्य से स्कूल शिक्षा बोर्ड ने ए.आई. को स्कूली पाठ्यक्रम में शामिल करने का निर्णय लिया है। विशाला शर्मा ने बताया कि इस बारे में राज्य सरकार को प्रस्ताव भेजा गया है।

**अवकाश**

राज्य सरकार ने प्रदेश में ईद–उल–जुहा के अवकाश में बदलाव किया है। आज जारी अधिसूचना के अनुसार प्रदेश में अब 27 की बजाय 28 मई को ईद–उल–जुहा पर सार्वजनिक अवकाश रहेगा।

**लोक अदालत**

सर्वोच्च न्यायालय में 21 से 23 अगस्त तक विशेष लोक अदालतों का आयोजन किया जाएगा, जिनमें सर्वोच्च न्यायालय में लंबित मामलों का निपटारा किया जाएगा। इसका उद्देश्य लंबित मामलों का सुलह व आपसी सहमति से निष्पादन करना है। सर्वोच्च न्यायालय में लंबित मामलों को विशेष लोक अदालतों में शामिल करने के लिए एक गूगल फॉर्म तैयार किया गया है। ये गूगल फॉर्म सर्वोच्च न्यायालय की वैबसाईट डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू डॉट एससीआई डॉट जीओवी डॉट इन पर उपलब्ध है। गूगल फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 31 मई तय की गई है।

**आईपीएल**

धर्मशाला के अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलुरू और गुजराज टाइटन्स के बीच आई.पी.एल. का पहला क्वालिफायर मैच कल खेला जाएगा। ये मैच शाम साढ़े 7 बजे शुरू होगा। मैच को जीतने वाली टीम आई.पी.एल. के फाइनल में पहुंचेगी। इस मैच को लेकर एच.पी.सी.ए. ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं और इस मैच को लेकर क्रिकेट प्रेमियों में खासा उत्साह देखा जा रहा है।

**भेंट**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आज शिमला के लोक भवन में राज्यपाल कविंद्र गुप्ता से भेंट की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने राज्यपाल के साथ प्रदेश में विकास व जनकल्याण से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विचार–विमर्श किया। बैठक के दौरान सुशासन और प्रदेश में चलाई जा रही विकासात्मक पहलों पर भी संवाद किया गया।

**मुख्य समाचार एक बार फिर**

- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा– प्रदेश के सरकारी स्कूलों को बनाया जाएगा देशभर में सर्वश्रेष्ठ– सी.बी.एस.ई. पाठ्यक्रम के तहत विद्यार्थियों को मिलेगा अधिक विषयों का विकल्प।
- पंचायतीराज संस्थाओं के पहले चरण के चुनाव में कल एक हज़ार 2 सौ 93 पंचायतों में डाले जाएंगे वोट।
- मुख्यमंत्री ने प्रदेश के सभी लोगों से जनगणना कार्य में बढ़चढ़ कर भाग लेने का किया आग्रह– 16 जून से शुरू होगा जनगणना का पहला चरण।
- प्रदेश भाजपा ने राज्य सरकार पर आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन का लगाया आरोप– राज्यपाल से की हस्तक्षेप की मांग।
- डीडी न्यूज़ की महानिदेशक ममता वर्मा ने दूरदर्शन केंद्र शिमला में नए पॉडकास्ट स्टूडियो ''म्हारा हिमाचल'' का किया शुभारंभ।

---